भारत सरकार
कार्यालय प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त
आंध्रप्रदेश व तेलंगाना, हैदराबाद
'सी' ब्लाक, 10 वीं तल, आयकर शिखर
10-2-3, ए.सी. गाड्र्स, हैदराबाद - 500 004

GOVERNMENT OF INDIA
Office of the
Pr. Chief Commissioner of Income Tax,
Andhra Pradesh & Telangana, Hyderabad
'C' Block, 10th Floor, IT Towers,
10-2-3, A.C.Guards, Hyderabad – 500 004.

टिप्पण एवं मसौदा लेखन प्रतियोगिता
(हिंदी भाषियों के लिए)

दिनांक: 21.09.2022 **समय: दोपहर 12.00 - 01.00 बजे**
अंक: 50

1. **उत्तर पुस्तिका पर **हिंदी भाषी* का अनिवार्य रूप से उल्लेख करें ।**
   (*परिपत्र फा.सं.प्र.मु.आ.आ.हैद/राभा(15)/हि.दिवस/2022-23 दिनांक: 07.09.2022 के अनुसार)
2. **उत्तर पुस्तिका में प्रतियोगी का नाम, पदनाम, कार्यालय का नाम, मोबाइल नंबर, बैंक खाता संख्या और आई.एफ.एस.सी. कोड का उल्लेख किया जाना अनिवार्य है ।**
3. **मूल्यांकनकर्ता का निर्णय अंतिम माना जायेगा ।**
4. **उत्तर पुस्तिका प्रतियोगिता समाप्ति के आधे घंटे के भीतर** hyderabad.cit.admin.tps@incometax.gov.in **पर अपलोड किये जाने पर ही उसे वैध माना जाएगा।**

I. मसौदा लेखन (Drafting)

निम्नलिखित में से किन्हीं <u>दो विषयों</u> पर यथानुसार मसौदे *<u>हिंदी में</u>* तैयार करें । **अंक...30**

1. वित्तीय सेवा प्रभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार ने सभी सरकारी संस्थाओं में बढ़ते हुए साइबर अपराध को देखते हुए साइबर सुरक्षा के लिए दिशानिर्देश जारी किए हैं। प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त कार्यालय की ओर से सभी कार्यालय प्रधानों को इस संबंध में सावधानी बरतने एंव वित्त मंत्रालय के दिशा -निर्देशों का बिन्दुवार अनुपालन करने हेतु **<u>कार्यालय ज्ञापन का मसौदा</u>** तैयार करें।
2. केंद्रीय सिविल सेवा क्रीडा बोर्ड द्वारा सभी कर्मियों के लिए खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना है। संबंधित सहायक द्वारा प्रतियोगिता आयोजित करवाने हेतु पूर्ण विवरण के साथ **<u>परिपत्र जारी करने हेतु मसौदा</u>** तैयार करें ।
3. कार्यालय परिसर में बिजली और पानी के समुचित उपयोग न होने के कारण कार्यालय को अनावश्यक खर्च का सामना करना पड़ रहा है । इसकी सही उपयोगिता और बचत के बारे में यथोचित निर्देश देते हुए **<u>पत्र का मसौदा</u>** तैयार करें ।

II. टिप्पणी लेखन (Noting)

निम्नलिखित में से किन्हीं <u>दो विषयों</u> पर टिप्पणी *<u>हिंदी में</u>* तैयार करें । **अंक...20**

1. विभाग के केंद्रीय पुस्तकालय के रख रखाव , पुस्तकों एवं पत्र पत्रिकाओं की खरीदी के संबंध में सुझाव देते हुए सक्षम प्राधिकारी को फ़ाइल प्रस्तुत करते हुए सहायक की ओर से स्वतः स्पष्ट टिप्पणी तैयार करें ।
2. कुछ अति आवश्यक कार्यों के लिए सक्षम अधिकारी की मौखिक अनुमति से रुपये 15000/- की धनराशि खर्च की गयी है । कार्य भी पूरा ह चुका है । धनराशि खर्च करने हेतु कार्योत्तर मंजूरी प्राप्त करने के लिए एक टिप्पणी तैयार करें।
3. एन ए डी टी बंगलुरु द्वारा तीन पूर्ण दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में आपके कार्यालय के नामित कर्मचारी का नामांकन रद्द किया जाना है । कुछ कार्यालयीन विशिष्ट कार्यों का उल्लेख करते हुए उनका नामांकन रद्द संबंधी टिप्पणी तैयार करें ।

****